बिकीनी में काफी हॉट लगती हैं आहना

फिल्म लिपिस्टिक अंडर माय बुर्का में अपने बोल्ड किरदार से चर्चा में आईं ऐक्ट्रेस आहना कुमरा अपनी रियल लाइफ में भी काफी बोल्ड हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी सेक्सी तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। आगे की स्लाइड्स में देखें आहना की ऐसी ही कुछ बिकीनी पिक्चर्स। आहना का जन्म नवाबों के शहर लखनऊ में हुआ था। लखनऊ में उनकी मां पुलिस में डीएसपी थीं। आहना की मां का ट्रांसफर जब मुंबई में सीबीआई में हो गया तो वह भी बचपन में ही मुंबई आकर बस गईं। उनकी शिक्षा भी मुंबई में ही हुई है। आहना ने अपने स्कूल के दिनों से ही थिअटर करना शुरू कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऐक्टिंग कोर्स करने के बाद कास्टिंग का काम करना शुरू कर दिया। आहना ने गार्निए फेयरनेस क्रीम, आईसीआईसीआई बैंक, केएफसी, रिलायंस इंटरनेट जैसे कई ब्रैंड्स के लिए विज्ञापनों में काम किया। आहना ने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ सीरियल युद्ध में काम किया। इसके अलावा वह एजेंट राघव-क्राइम ब्रांच में भी नजर आईं थी। आहना ने हिंदी फिल्म सोना स्पा से 2013 में फिल्मों में डेब्यू किया। हालांकि लिपिस्टिक अंडर माय बुर्का से उन्हें काफी पहचान मिली। इसके अलावा आहना ने कई फेमस शॉर्ट फिल्म और वेब सीरीज में भी काम किया है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

किरिक पार्टी में जैकलीन संग रोमांस करेंगे कार्तिक आर्यन

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज और सोनू की टीटू की स्वीटी फेम अभिनेता कार्तिक आर्यन को सुपरहिट कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी के हिंदी रीमेक में साइन कर लिया गया है। इस फिल्म के रीमेक की बात जब आई थी तभी से जैकलीन का नाम सामने आया था, लेकिन अब कार्तिक और जैकलीन को फाइनली इस फिल्म के लिए लॉक कर लिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन बे यार और केवी रिते जैश जैसी गुजराती फिल्म बनाने निर्देशक अभिषेक जैन करेंगे, जबकि फिल्म के निर्माता अजय कपूर होंगे।

इस फिल्म की घोषणा करते हुए निर्माता अजय कपूर ने कहा, हम जैकलीन और कार्तिक की जोड़ी के साथ फिल्म बनाने को लेकर बेहद खुश और कॉन्फिडेंट हैं। कार्तिक आर्यन और जैकलीन की जोड़ी एकदम फ्रेश है, दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म की कहानी के अनुसार दोनों को देख दर्शकों का मनोरंजन जरूर होगा। यह एक बेहतरीन लव स्टोरी है।

सोनू की टीटू की स्वीटी की शानदार सफलता और 100 करोड़ की मोटी कमाई के बाद कार्तिक आर्यन को करण जौहर ने धर्मा प्रॉडक्शन की एक फिल्म में साइन किया था, लेकिन बाद में शायद बात नहीं बनी और कार्तिक धर्म की फिल्म से बाहर हो गए। इस समय कार्तिक निर्माता दिनेश विजन की फिल्म लुका-छिपी की शूटिंग कर रहे हैं, इस फिल्म में कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं।

जैकलीन हाल ही में सलमान खान के साथ फिल्म रेस 3 में नजर आई थीं। रेस 3 को लेकर भले दर्शकों ने खूब मजाक उड़ाया हो, लेकिन फिल्म का कारोबार फायदे ... वाला था। फिल्म मे... जैकलीन का काम लोगों ने खूब पसंद किया था।

अब ऐक्शन फिल्म के साथ धमाका करेंगे सनी देओल

देओल परिवार की हालिया रिलीज़ फिल्म यमला पगला दीवाना: फिर से बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई, लेकिन ऐसी असफलताओं से जट हार नहीं मानता। सनी देओल ने कहा था, हम जट लोग हैं, हम जल्दी से हार नहीं मानते। इसलिए हमने यमला पगला दीवाना का अगला भाग बनाया है, ताकि इस सीरीज को सफल बनाया जा सके। जब तक हिट नहीं होगी हम पीछे नहीं हटेंगे।

शायद यही वजह है कि सनी देओल ने यमला पगला दीवाना: फिर से की असफलता को भांपते ही अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। अपने सोशल मीडिया ट्विटर हैंडल के जरिए सनी ने अपनी ही सुपरहिट फिल्म जिद्दी का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक ऐक्शन फिल्म के साथ बहुत जल्द आ रहा हूं...सनी देओल की इस पोस्ट के बाद साफ है कि जट हारने वालों में से नहीं है।

जिद फिल्म के इस पोस्टर के बाद कयास लगाया जा रहा है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त और निर्देशक राजकुमार संतोषी के साथ किसी ऐक्शन फिल्म की प्लानिंग कर रहे हैं। हाल ही में सनी देओल ने हमसे हुई बातचीत में यह साफ किया था कि वह संतोषी से उनकी एक ऐक्शन फिल्म को लेकर काफी समय से बात चल रही है। सब कुछ ठीक रहा और बात बन गई तो हम जल्द ही फिल्म की घोषणा करेंगे।

अगर सनी का इशारा संतोषी की ओर है तो दोनों लगभग 22 साल के बाद साथ नजर आएंगे। खबरों की मानें तो राजकुमार संतोषी पिछले 5 साल से फतेह सिंह की कहानी पर काम कर रहे हैं। जब सनी ने यह कहानी सुनी तो उन्हें बहुत पसंद आई और उन्होंने अब जाकर फिल्म साइन भी कर ली है। खबरों की मानें तो सनी की यह फिल्म अगले साथ यानी साल 2019 में फ्लोर में जाएगी। यह एक पीरियड ड्रामा होगी। फिल्म का टाइटल फतेह सिंह रखा जाएगा।

कन्फर्म, महेश भट्ट की सड़क 2 में होंगी बेटी आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलिवुड की उन ऐक्ट्रेस में शामिल हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपने करियर को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी आखिरी रिलीज़ फिल्म राजी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब कन्फर्म हो गया है कि आलिया अपने पिता महेश भट्ट की फिल्म सड़क 2 में लीड किरदार में नजर आएंगी और इसी के साथ बाप-बेटी की एकसाथ बॉलिवुड में यह पहली फिल्म हो जाएगी।

ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में आलिया भट्ट की बड़ी बहन पूजा भट्ट भी काम करेंगी, लेकिन वह ऐक्टर नहीं बल्कि डायरेक्टर की कुर्सी पर मौजूद रहेंगी। इससे पहले उन्होंने संजय दत्त के साथ महेश भट्ट की एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें दत्त अपना शिवा वाला टैटू दिखाते नजर आ रहे थे। रिपोर्ट्स की मानें तो महेश भट्ट ने बताया है कि ऑरिजनल फिल्म सड़क में नज़र आ चुके 32 वर्षीय संजय दत्त इस फिल्म में भी 54 साल के रवि की भूमिका में ही नजर आएंगे। संजय दत्त पहले भी कह चुके हैं कि इस फिल्म से वह इमोशनली कनेक्टेड हैं।